आजा बाबा आजा

आजा बाबा आजा माता का वचन निभा जा,
हारा हूँ मैं बाबा अब हारा हूँ मैं बाबा,
आजा बाबा आजा....

अपना अपना कहने वाले झूठे हैं सब साथी,
ठोकर खाकर भी मुझको ये बात समझ ना आती,
एक तू ही सच्चा साथी बाबा रे धीर बंधा जा,
हारा हूँ मैं बाबा अब हारा हूँ मैं बाबा,
आजा बाबा आजा....

आजा सांवरिया आजा रे...

धन दौलत तो देता तू ही भाव ही लेने आजा,
पार मेरे ना भोग हज़ारों रुखा सूखा खा जा,
छोड़ के सेठों का घर मेरी कुटिया में भी आजा,
हारा हूँ मैं बाबा अब हारा हूँ मैं बाबा,
आजा बाबा आजा.....

लाखों नहीं करोड़ो की है तूने बिगड़ी सँवारी,
जानता हूँ मैं अब आएगी हेमंत की भी बारी,
अंसुवन से भरे ये नैना नैनो से नैन मिला जा,
हारा हूँ मैं बाबा अब हारा हूँ मैं बाबा,
आजा बाबा आजा...

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/27449/title/aaja-baba-aaja

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |